हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026

04 मेगा विधिक जागरुकता एवं आउटरीच शिविर...



07 नगर पालिका राजगढ़ में 127 करोड़ का बजट...





### खबर संक्षेप



#### महावीर जयंती आज अवकाश घोषित

**सीहोर।** मध्यप्रदेश शान सामान्य प्रशान विभाग मंत्रालय के ज्ञाप अधिसूचना के अनुपालन में तथा तहसीलदार के प्रतिवेदन अनुसार स्थानिय परिस्थितियों को देखते हुए पूर्व में घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया गया है। कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 31 मार्च को घोषित अवकाश के स्थान पर पूरे जिले में 30 मार्च सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

#### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आज सीहोर आएंगे

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 30 मार्च को दोपहर 12 बजे सीहोर पहुंचेंगे और कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित उपार्जन समिति की बैठक में शामिल होंगे।

### नर्मदा से रेत निकालते समय नाव पलटने से सीलकंठ घाट पर डूब गए थे बिहार से आए दो युवक

# एसडीआरएफ टीम ने 36 घंटे मशक्कत की नर्मदा में 2 किमी दूर मिले दो युवकों के शव

दो दिनों तक लगातार नदी में सघन सर्च अभियान चलाया गया। तीसरे दिन रविवार सुबह टीगाली घाट के पास दोनों शव पानी में तैरते हुए दिखाई दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र के सीलकंठ नाव घाट पर नर्मदा नदी में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। रेत निकालने के दौरान नाव पलटने से डूबे दो युवकों के शव 36 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार सुबह बरामद किए गए। एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर टीगाली घाट के किनारे दोनों शवों को खोज निकाला। शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और नर्मदा तट पर मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे बिहार के पूर्णिया जिले से आए चार युवक सीलकंठ घाट पर नाव के माध्यम से रेत निकालने का काम कर रहे थे। काम खत्म कर लौटते समय अचानक मौसम बिगड़ गया। तेज हवा और उफनती लहरों के बीच नाव असंतुलित होकर बीच धारा में पलट गई, जिससे चारों युवक गहरे पानी में समा गए।

हादसे में मुकेश कुमार और सोनू कुमार ने साहस का परिचय देते हुए किसी तरह तैरकर अपनी जान बचा ली, लेकिन लड्डू कुमार (24) और रंजीत कुमार (36) नदी की तेज धारा में बह गए और लापता हो गए। घटना की सूचना



मिलते ही थाना भैरुंदा पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। दो दिनों तक लगातार नदी में सघन सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन लापता युवकों का कोई सुराग नहीं मिल सका। तीसरे दिन रविवार सुबह टीगाली घाट के पास दोनों शव पानी में तैरते हुए दिखाई दिए। टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को बाहर निकाला और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज हवा, अचानक उठी ऊंची लहरें और नाव का असंतुलित होना सामने आया है। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ द्वारा लगातार सर्चिंग की गई, जिसके बाद रविवार सुबह दोनों शव बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों के



बयानों के आधार पर की जाएगी। इस घटना का सबसे मार्मिक पहलू यह है कि चारों युवक महज चार दिन पहले ही काम की तलाश में बिहार से यहां आए थे। उन्हें रेत निकालने का काम मिला था और वे नई उम्मीदों के साथ जीवन की शुरुआत करना चाहते थे, लेकिन अचानक आए इस हादसे ने दो जिंदगियां छीन लीं।

#### जमोनिया से मिला युवक का शव



सीहोर। जिले के लिए पिछला 48 घंटा हादसों भरा रहा। मंडी क्षेत्र के जमोनिया तालाब में डूबे 18 वर्षीय युवक का शव दो दिन बाद बरामद कर लिया गया है। जिले के दो अलग-अलग क्षेत्रों में हुई इन घटनाओं से मातम पसरा हुआ है। बता दें मंडी निवासी 18 वर्षीय आर्यन सूर्यवंशी शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ जमोनिया तालाब में नहाने गया था, जहां वह गहरे पानी में समा गया था। शुक्रवार शाम से ही पुलिस और गोताखोरों की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही थी। रविवार सुबह तालाब की सतह पर शव उतराता हुआ मिला। पिछले दो दिनों से उम्मीद लगाए बैठे परिजनों का शव देखते ही सब्र का बांध टूट गया। आर्यन की मौत से पूरे मंडी क्षेत्र में शोक की लहर है।

## जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है : मंत्री प्रहलाद पटेल

**सीहोर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधनी जनपद की ग्राम पंचायत जोशीपुर में गुंजरी नर्मदा संगम घाट पर जनभागीदारी के माध्यम से किए जा रहे स्वच्छता सेवा कार्य का निरीक्षण किया और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता और जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर प्रयास करें तो स्वच्छता और जल संरक्षण के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक अभियान नहीं बल्कि जनआंदोलन है, जिसे हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझकर अपनाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल स्रोतों को संरक्षित नहीं करेंगे, तो भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणों से कहा कि वे वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग और जल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई पर ध्यान दें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक समाज ही समृद्ध और सशक्त समाज की नींव रखता है। इस अवसर पर बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

#### 2 अप्रैल को भव्य भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी छावनी युवा शक्ति संगठन के तत्वावधान में शहर के प्रकट हनुमान मंदिर समिति बड़ा बाजार में 2 अप्रैल को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। छावनी युवा शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शाम को आरती की जाएगी और उसके पश्चात रात्रि सात बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से भंडारे में आने की अपील की है।

## लायंस क्लब सीहोर सिद्धपुर वितरित करेगा निशुल्क 500 पानी के सकोरे

### पंछियों की प्यास बुझाने लायंस क्लब बांटेगा जल पात्र

**सीहोर।** जिला मुख्यालय पर लायंस क्लब सिद्धपुर ने गर्मी के मौसम में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए एक संवेदनशील अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत वह इस गर्मी के मौसम में शहर वसियों को 500 जल पात्र (पानी के सकोरे) वितरित करेगा।

इसी कड़ी में 31 मार्च को स्थानीय कोतवाली चौराहे पर 200 जल पात्र वितरित करने के साथ साथ एक जागरूकता अभियान भी चलाएँगे। क्लब के उपाध्यक्ष ला अजय राय ने बताया कि गर्मी के दिनों में अक्सर पंछियों को भोजन पानी के परेशान होना पड़ता है इसलिए यह जन जागरूकता अभियान न केवल उन्हें राहत देने का माध्यम बनेगी, बल्कि समाज को भी यह संदेश देगी कि हम सब मिलकर प्रकृति और जीव-जंतुओं की सेवा कर सकते हैं।

इस अवसर पर क्लब द्वारा 200 मिट्टी के सकोरे निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। कुल मिलाकर 500 सकोरे नागरिकों तक पहुँचाए जाएंगे। इन घड़ों को लोग अपने घरों, छतों, आँगनों और गलियों में रखकर पक्षियों को पानी उपलब्ध करा सकेंगे।

लायंस क्लब के सदस्य इस कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरूक भी करेंगे कि वे स्वयं भी अपने स्तर पर पानी के बर्तन रखें। यह छोटा सा प्रयास किसी पक्षी की जिंदगी बचा सकता है।

### आज महंगाई के खिलाफ कांग्रेस करेगी प्रदर्शन, महंगाई की शव यात्रा निकालेगी



**सीहोर।** केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और आसमान छूती महंगाई के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है! ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर घनश्याम यादव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में सोमवार 30 मार्च को सीहोर जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता प्रतीकात्मक रूप से महंगाई की शव यात्रा निकालकर अपना आक्रोश दर्ज कराएंगे। जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि भाजपा सरकार की अपरिपक्व नीतियों के कारण आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से बिजली दरों में होने वाली अप्रत्याशित वृद्धि और गैस सिलेंडरों की किल्लत ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। जिले में हालात इतने बदतर हैं कि गैस न मिलने के कारण चाय-नाश्ते की छोटी दुकानें बंद होने की कगार पर हैं, वहीं शादी वाले परिवारों और भंडारा समितियों के सामने गहरा संकट खड़ा हो गया है। राजीव गुजराती ने डीजल की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पारंपरिक रूप से किसानों को केन और ड्रम में मिलने वाला डीजल अब नहीं मिल पा रहा है, जिससे खेती-किसानी के कार्यों में बाधा आ रही है। पेट्रोल-डीजल की किल्लत और महंगाई ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है, लेकिन सरकार कुंभकर्णी नींद सोई हुई है। कांग्रेस के इस बड़े शक्ति प्रदर्शन को लेकर जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं, समन्वय समिति के सदस्यों, ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस और सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को एकजुट होने का आह्वान किया है। गुजराती ने बताया कि 30 मार्च को शाम 4 बजे कोतवाली चौराहा से शव यात्रा प्रारंभ होगी। गुजराती ने अपील की है कि भाजपा सरकार की विफलताओं और जनता के हक की लड़ाई लडने के लिए सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में साथियों सहित इस आंदोलन में शामिल हों।

### शिक्षक घर-घर जाकर प्रवेश के लिए कर रहे प्रेरित

# गांव के प्राइवेट स्कूलों पर भारी पड़ रहा सरकारी स्कूल का नवाचार





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जहां एक ओर सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या घटने को लेकर चिंता जताई जाती है, वहीं सीहोर की शासकीय माध्यमिक शाला कौडिय़ाछीतू ने एक नई मिसाल पेश की है। विद्यालय के शिक्षकों के समर्पण और पहले आओ-पहले पाओ जैसे अनूठे नवाचार का असर है कि नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू होने से पहले ही कक्षा पहली में एक दर्जन से अधिक बच्चों का नामांकन हो चुका है। खास बात यह है कि इस स्कूल की बेहतर शिक्षा व्यवस्था के चलते गांव के तीन निजी स्कूल तक बंद हो चुके हैं।

विद्यालय के प्राचार्य संजय सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष नामांकन को गति देने के लिए शाला स्टाफ ने अपने आपसी सहयोग से एक विशेष प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसके तहत प्रथम 10 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, लंच बॉक्स, कंपास बॉक्स, पानी की बोतल और दो नोटबुक दी जा रही हैं। 11 से 20 तक नामांकन में बैग, लंच बॉक्स और कंपास बॉक्स प्रदान किए जाएंगे। 21 से 30 तक नामांकन में बच्चों को स्कूल बैग प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाएगा।

#### निजी स्कूलों से लौट रहे बच्चे


नामांकन बढ़ाने के लिए विद्यालय ने पालक संपर्क अभियान को तीन समूहों में बांटा है। पहले समूह में स्कूल स्टाफ और दूसरे में रसोइया दल घर-घर जाकर संपर्क कर रहा है। तीसरे और सबसे महत्वपूर्ण चरण में गांव के सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उन अभिभावकों से संवाद कर रहे हैं जिनके बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, ताकि उन्हें शासकीय विद्यालय की गुणवत्ता से अवगत कराया जा सके।

#### 250 विद्यार्थियों का लक्ष्य

बीते वर्ष इस विद्यालय में 184 विद्यार्थी दर्ज थे, जिनमें से 18 बच्चों ने प्राइवेट स्कूल छोडक़र यहां प्रवेश लिया था। इस वर्ष विद्यालय परिवार ने 250 विद्यार्थियों का लक्ष्य रखा है। वार्षिक परीक्षा समाप्त होते ही शिक्षकों ने बैठक कर आकर्षक पम्पलेट्स के माध्यम से प्रचार शुरू कर दिया था, जिसका सकारात्मक परिणाम अब दिखाई दे रहा है।

**इनका रहा विशेष सहयोग :** इस शैक्षणिक नामांकन अभियान को सफल बनाने में प्राचार्य संजय सक्सेना, शिक्षक शैलेन्द्र सिंह, डीके मालवीय, देवेंद्र सिंह चौहान, शशिबाला नामदेव, फूलवती सेन, माधुरी जोशी, मंजू राठौर, सिद्धार्थ रघुवंशी सहित रसोइया समूह की शीला मेवाड़ा, लालता मेवाड़ा, लक्ष्मी मालवीय, सरोज मेवाड़ा और गीता मेवाड़ा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



## खबर संक्षेप

### 19 अप्रैल को होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन

**भैरूंदा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत 19 अप्रैल को भैरूंदा में सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने निर्देश जारी किए। तैयारियां शुरू हो गईं। सम्मेलन जनपद पंचायत भैरूंदा परिसर में होगा। इसमें बड़ी संख्या में पात्र जोड़ों का विवाह, निकाह कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां दी हैं। संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। वर-वधु और उनके परिजनों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को भी कहा गया है। जनपद स्तर पर आवेदन प्रक्रिया तेज की गई है। पात्र हितग्राहियों से समय पर आवेदन करने की अपील की गई है। अधिकारियों के अनुसार योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक सहयोग का बड़ा माध्यम है। इससे सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है।

### मां अन्नपूर्णा महाकाल भवानी खीर-पूरी आरोग्य रसोई योजना प्रारंभ

**सीहोर।** जन सहयोग सेवा समिति के तत्वाधान में मां अन्नपूर्णा महाकाल भवानी खीर-पूरी आरोग्य रसोई योजना प्रारंभ की गई है। मात्र 20 रुपए के कूपन में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित माधव महाकाल आरोग्य आश्रम में आयोजित की जा रही है। इस संबंध में आश्रम के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि पंडित मोहितराम पाठक के मार्गदर्शन में व्यवस्थापक लक्ष्मण चौकसे के द्वारा भक्तों एवं सनातनियों के लिए प्रतिदिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जा रही है। भोजन कूपन प्राप्त करने का समय सुबहः 10 बजे से 11 बजे तक और शामः 6 बजे से 7 बजे तक रहेगा। समिति के मूल मंत्र, सेवा भाव, राष्ट्र पहले, व्यक्ति बाद में संगठन में शक्ति है, शक्ति में भक्ति है, खाली हाथ आए, खाली हाथ जाना है, जात-पात की नहीं होगी कोई बात सभी भक्तजन समय पर कूपन प्राप्त कर प्रसादी ग्रहण करें।

## मंडी टीआई और पटवारी पर सख्त कार्रवाई की मांग

# धोखाधड़ी और मारपीट करने के विरोध में सड़क पर बैठे किसान

**क्षेत्र की पटवारी नंदा तगारे और मंडी थाना टीआई सुनील मेहर पुलिस बल के साथ 16 मार्च को खेत पर पहुंचे और बिना किसी वैध आदेश के खेत में जबरन सीमेंट के खंभे गड़वा दिए और तारबंदी करा दी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवनियां गांव के किसानों ने रविवार को सड़क पर बैठकर विरोध जताया। पुलिस कर्मियों के द्वारा बटाईदार किसानों के साथ मारपीट और पटवारी के द्वारा बिना आदेश जबरन खेत पर की गई तारबंदी को गैर कानूनी बताया। किसानों ने गांव के ही किसान पर कृषिभूमि को अवैधानिक रूप से विक्रय अनुबंध करने वाले किसान के साथ धोखाधड़ी कर दो बार बेचने का आरोप लगाया। विक्रय अनुबंध पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि पूरी राशि मिलने के बाद विक्रेता रजिस्ट्री कराने के लिए बाध्य रहेगा। गांव के हनुमंत सिंह ने अपनी कृषिभूमि 14 वर्ष पहले 11 लाख 75 हजार रुपये में गांव के ही किसान पप्पू कौशल को बेच दी लेकिन रजिस्ट्री के लिए हमेशा टालमटोल करता रहा। बताया जा रहा है कि हनुमंत सिंह ने किसी ओर को उक्त भूमि बेच दी। जिससे किसान पप्पू कौशल को अब न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

पूरा मामला यह है कि पीड़ित किसान पप्पू कौशल ने वर्ष 2012 में गांव के ही हनुमंत सिंह से हल्का नम्बर 38 का खसरा क्रमांक 131/1- खसरा क्रमांक 133/2 खसरा क्रमांक 134/1 की जमीन खरीदी थी और तब से लगातार उस जमीन पर बटाईदार के माध्यम से खेती कर रहे हैं। इस के बावजूद क्षेत्र की पटवारी नंदा तगारे और मंडी थाना टीआई सुनील मेहर पुलिस बल के साथ 16 मार्च को खेत पर पहुंचे और बिना किसी वैध आदेश के खेत में जबरन सीमेंट के खंभे गड़वा दिए और तारबंदी करा दी।

विरोध करने पर गाली-गलौज और धमकी देकर बटाईदार दिलीप मेवाड़ा और हरिओम मेवाड़ा को पुलिस उठाकर मंडी थाना ले गई जहां पर पुलिस के द्वारा किसान हरिओम के साथ मारपीट की गई। इधर पीड़ित किसान पप्पू कौशल ने आरोप लगाया कि मंडी टीआई ने बिना किसी बैध दस्तावेज के उनके खेत का कब्जा किसी ओर को दिला दिया। सेवनियां गांव के बदरी प्रसाद वर्मा, विक्रम सिंह राठौर, जितेंद्र मेवाड़ा, राकेश मेवाड़ा देव सिंह मेवाड़ा, जमना प्रसाद वर्मा, शेलेश मेवाड़ा, अखिलेश मेवाड़ा, प्रदम्म मेवाड़ा, कैलाश मेवाड़ा राय सिंह मेवाड़ा ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को गई शिकायत में पूरे मामले की जांच कराने और मंडी थाना टीआई और पटवारी पर सख्त कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। इस मामले में थाना प्रभारी सुनील मेहर का कहना है कि, जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं निराधार हैं।

## मेगा विधिक जागरुकता एवं आउटरीच शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास द्वारा शनिवार को एक दिवसीय "मेगा विधिक जागरूकता एवं आउटरीच शिविर" का आयोजन जिला जेल देवास में किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर उमाशंकर अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश, डॉ रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास, नीलेंद्र कुमार तिवारी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड देवास, प्रियांशु पांडे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड देवास, निकिता वार्ष्णेय पांडे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड देवास, कुंवर युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, सौरभ जैन व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड देवास, विद्या भूषण प्रसाद जेल अधीक्षक, सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी, लीगल डिफेन्स काउन्सिल से नीलिमा राय चीफ, त्रिलोक पाटीदार डिप्टी चीफ, अभिषेक तिवारी असिस्टेंट, अर्शील खान असिस्टेंट, सामाजिक न्याय विभाग से उपसंचालक संगीता यादव के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने उपस्थित बंदियों को समझाईश देते हुए कहा कि आवेश में आकर कोई भी ऐसा काम ना करें जिससे कि आपको जेल जाना पड़े और अपने परिवारजन से दूर रहना पड़े। उन्होंने कहा कि आप अपनी सकारात्मक सोच के साथ अपनी शक्ति को समाज और परिवार के लिए सही दिशा में लगाएं।

### अंडर-20 फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर आगामी दिनों में होने वाली अंडर-20 फुटबाल प्रतियोगिता को लेकर रविवार को चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया था, इसमें करीब 50 से अधिक फुटबाल खिलाड़ियों ने चयन के लिए जमकर पसीना बहाया। अब टीम का गठन किया जाएगा। वहीं यहां पर जारी ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-0 से हराया। इस मौके पर टीम के कोच सुयश कन्नोजिया, विपिन पवार, मनोज अहिरवार के अलावा चयन समिति की ओर से आनंद उपाध्याय, मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा और अरुण राठौर आदि मौजूद थे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी पांच अप्रैल से शहर के चर्च मैदान पर अंडर-20 फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में फुटबाल खिलाड़ी शामिल रहे। इसके अलावा ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत एक तरफा मुकाबले में सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-0 से हराया। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से आदित्य और अनुज ने एक-एक गोल किया था।

### भगवान महावीर जन्मोत्सव पर्व पर आज निकलेगी रथ यात्रा व होंगे धार्मिक आयोजन

**सीहोर।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर जिन शासन भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव महावीर जयंती के पावन पुनीत अवसर पर आज जैन समाज सीहोर के तत्वाधान में भव्य विशाल रथ यात्रा चल समारोह मुनि श्री संस्कार सागर जी छुल्क श्री कमल सागर जी के सानिध्य मे सुबह 9 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर छावनी से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर पुनः श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पंहुचेगी, जंहा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न श्रध्दालु संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित करेगे। रथ यात्रा मे रथ पर स्वर्ण रुपी विमान मे भगवान महावीर की मूर्ति विराजमान कर श्रावक श्राविकाए परम्परागत वेश भूसा पुरुष सफेद वस्त्र एंव महिलाए केसरिया परिधान मे शामिल होकर बैंड बाजो के साथ भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो विश्व का कल्याण अंहिसा से होगा के जय घोष के साथ संगीतमय भजन कीर्तन करते हुए चलेगें। अनेक स्थानो पर श्रध्दालु रथ मे विराजमान भगवान महावीर की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर आरती करेगें शोभा यात्रा नगर भ्रमण पूर्ण कर पुनः श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पंहुचेगी जहां मुनिश्री सागर छुल्लक कमल सागर के सानिध्य मे भगवान महावीर की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा ,पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान श्रध्दालु संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित करेगें । तत्पश्चात स्वजातीय बंधुओ का सामूहिक स्वरूचि भोजन करेगें । संध्या को सम्यकत्व वर्धनी महिला मंडल के तत्वाधान मे भगवान महावीर के पलना झूलाने का कार्यक्रम एंव धार्मिक नृत्य नाटिका रुपांतर अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें। भगवान महावीर



जन्म कल्याणक के दिन पूर्व रविवार को प्रातः प्रभात फेरी एवं माता त्रिशला की गोद भराई एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए । महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के एक दिन पूर्व रविवार को प्रातः श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर छावनी से प्रभात फेरी प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई जैन धर्म के आराध्य भगवान महावीर स्मारक स्थित गांधी पार्क पंहुचकर श्रध्दालुओ ने पूजा अर्चना कर संगीतमय भजन कीर्तन कर श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर स्थित कस्बा श्रध्दालुओ ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। सम्यकत्व वर्धनी महिला मंडल के तत्वाधान मे तीन दिवसीय आयोजन। रविवार की संध्या को सम्यकत्व वर्धनी महिला मंडल के तत्वाधान मे भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के एक दिन पूर्व रविवार को भगवान महावीर की माता त्रिशला की गोद भराई के कार्यक्रम मे सकल जैन समाज की महिलाओ ने भारी संख्या मे शामिल होकर गोद भराई कर धर्म लाभ अर्जित किया ।

## मेहंदीपुरा बालाजी की तर्ज पर बनाया जा रहा हनुमान मंदिर ग्रेनाइट पत्थरों से की जा रही मंदिर की बेजोड़ नक्काशी

**19 अप्रैल से सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव, 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के लिए तैयार भव्य यज्ञशाला**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में 2026 में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा। सत्प दिवसीय 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया है। इसमें करीब 84 से अधिक यजमानों के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के मार्गदर्शन में यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री के द्वारा आहुतियां दी जाएगी। 19 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवास, राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 20 अप्रैल को देव स्थापना, अग्नि स्थापना, हवन, अन्नाधिवास, एवं मानस सम्मेलन, 21 अप्रैल को देव पूजन, हवन, पुष्पाधिवास, लताधिवास, फलाधिवास के अलावा 22 अप्रैल को देव पूजन, हवन, मिष्ठानाधिवास, घृताधिवास, 23 अप्रैल को देव पूजन, हवन, महाभिषेक और भव्य शोभा यात्रा राम बारात, 24 अप्रैल को देव पूजन, हवन, प्राण-प्रतिष्ठा, महा आरती और 25 अप्रैल को हवन एवं पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इसको लेकर शहर सहित आस-पास के दानदाताओं ने सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा

### एक ही मंदिर में सप्तऋषियों के अलावा भगवान शंकर और रामदरबार रहेगा विराजमान

संत पंडित कटारे बाबा ने कहाकि मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर सहित क्षेत्रवासियों के द्वारा शहर के बस स्टैंड पर बनाए गए करोड़ों के भव्य मंदिर में सप्तऋषियों के अलावा भगवान शंकर, राम दरबार, चार बंदर जो हनुमान जी के स्वरूप में यहां पर विराजमान किए जाऐंगे। आगामी 19 अप्रैल को सात दिवसीय भव्य प्राण-प्रतिष्ठा का दिव्य अनुष्ठान किया जाएगा। इसके पश्चात पूर्ण आहुतियां के बाद ऐतिहासिक भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

द्वारा करीब 232 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है और हमारे द्वारा भी अब तक 88 से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी है और करीब 12 मंदिर निर्माणाधीन है। इन मंदिरों में शहर का हनुमान मंदिर करीब 60 वर्ष पूर्व ब्रह्मलीन सूरदास महाराज मनोहर दास द्वारा निर्मित किया गया था, जो दयनीय स्थिति में था, लेकिन अब राजस्थान से मंगवाए पत्थरों की नक्काशी से मंदिर अपने दिव्य स्वरूप में झलक रहा है।

हमारा उद्देश्य हिंदू समाज को मजबूत करना है। इसके अलावा हिंदू जीवन दर्शन और आध्यात्म की रक्षा, संवर्दधन और प्रचार, विदेशों में रहने वाले हिंदुओं से तालमेल रखना, हिंदू और हिंदुत्व की रक्षा के लिए उन्हें संगठित करना है। धर्म उन लोगों की रक्षा करता है जो इसकी रक्षा करते है। इसलिए आप सभी सहयोग करे। अब तक पांच करोड़ रुपए क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं ने प्रदान किए है और आगे भी सहयोग मिलता रहेगा।

## अभियान के तहत पूर्ण किए गए 52 खेत तालाब और 264 डगवेल रिचार्ज कार्य

# जल गंगा संवर्धन अभियानः जिले में संचालित की जा रही हैं अनेक जल संरक्षण गतिविधियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनभागीदारी के माध्यम से कुओं, तालाओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत जल संरक्षण जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया भी किया जा रहा है।

अभियान के शुभारंभ से अब तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के पांचों अनुभागों में अभी तक 52 खेत तालाब पूर्ण किए गए हैं। इसी प्रकार 264 डगवेल रिचार्ज कार्य भी पूर्ण किए गए हैं। शहरी विकास अभिकरण द्वारा अमृत 2.0 योजनांतर्गत जल संग्रहण संरचना जीर्णोद्धार के 03 कार्य, नदियों में मिलने वाले नालों के शोधन के 05 कार्य, नदियों-तालाबों एवं बावड़ियों को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी 05 कार्य, नाले नालियों की साफ-सफाई एवं सौंदर्यकरण के 32 कार्य, नगरीय निकायों वॉटर हार्वेस्टिंग स्थापना के 07 कार्य, नगरीय निकायों में हरित क्षेत्र विकास के 04 कार्य किए गए हैं। इसी प्रकार नगरीय निकायों में प्रमुख 14 स्थलों प्याउ की स्थापना की गई है। पीएचई विभाग द्वारा नल योजना के ऑपरेटरों के 18 प्रशिक्षण आयाजित किए जा चुके हैं। स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में 137 स्थानों पर फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल परीक्षण किया गया है। जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रतिदिन वृक्ष एवं जल स्त्रोत पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसके साथ प्याउ भी स्थापित किए जा रहे हैं। इसी प्रकार सभी विभागों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक जल संरक्षण गतिविधियां एवं विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

## कुबेरेश्वरधाम पर आगामी दिनों पर लगाया जाएगा निशुल्क नेत्र शिविर

**आंखें हैं अनमोल, रखें इनका ख्यालः कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आंखें शरीर का एक खूबसूरत अंग हैं, जिसकी बदौलत हम दुनिया देख पाते हैं। इसलिए इसकी हिफाजत करना भी अति आवश्यक है। दृष्टिहीनता और दृष्टि दोष पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने और आंखों के स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में नियमित रूप से प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर निशुल्क भव्य नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। मंदिर परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के अलावा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रवासियों के लिए किया जाएगा। शहर के सैकड़ाखेड़ी में नवनिर्मित भव्य गोविन्द नेत्रालय का अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने निरीक्षण किया। नेत्रालय और अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से लेस होने जा रहा है। इसमें गोविन्द नेत्रालय और फर्टिलिटी सेंटर के संचालक और प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र मंधानी और प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ.अमरजीत मंघानी उपस्थित रहेंगे। डॉक्टर, एक ऐसा इंसान जो मेडिकल साइंस और अपने ज्ञान की बदौलत लोगों की जिंदगी बदलने की ताकत रखता है। लोगों को बड़ी सी बड़ी गंभीर बीमारियों से बचा लेता है। यूं नहीं दुनिया भर में डॉक्टरों को भगवान दर्जा दिया जाता है। गोविन्द नेत्रालय के संचालक और प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र मंधानी ऐसे ही एक हुनरमंद डॉक्टर हैं, जो अपने प्रोफेशन के जरिए लोगों की जिंदगी में रोशनी भर रहे हैं और समाज को दकियानूसी बातों से बचाकर उन्हें जागरूक बना रहे है। इन दिनों नेत्र पखवाड़ा जारी है और गोविन्द नेत्रालय द्वारा आगामी दिनों में जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर और शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में गोविन्द नेत्रालय और ज्योति सोशल एंड कल्चरल वेलफेयर सोसाइटी सीहोर के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। निशुल्क नेत्र जांच शिविर में मरीजों की आंखों की जांच ऑटोमेटिक आधुनिक मशीन के द्वारा की जाएगी और साथ ही परामर्श और दवाईयों का वितरण किया जाएगा।

### सभी सामाजिक प्रतिष्ठान रहे बंद, अखाड़े में शामिल कलाकारों ने दिखाए करतब

# झांकियों के साथ पुष्पद समाज ने भव्यता से निकाली शोभायात्रा



नगर में स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

माली, पुष्पद समाज द्वारा अपने आराध्य भगवान राम का जन्मोत्सव शनिवार को धूमधाम एवं शोभायात्रा के साथ मनाया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी यह चल-समारोह नेवज तट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से आरंभ हुआ, जो गाजे-बाजे एवं ढोल-ढमाकों के साथ नाका नंबर-3, मेन मार्केट, जय स्तंभ चौक, किला क्षेत्र, पुरा होते हुए बड़ा हनुमान मंदिर पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना उपरान्त चल-समारोह बमबम आश्रम के नजदीक स्थित समाज की धर्मशाला पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान स्थान-स्थान पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा पुष्पवर्षा से समाजजनों का स्वागत, अभिनंदन किया गया। जिमसें समाज के सभी महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हुए।

### समाज के युवाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

चल-समारोह और शोभायात्रा में प्रमुख आकर्षण का केंद्र अखाड़ा रहा। अखाड़े में शामिल समाज के युवाओं ने लट्ठबाजी, तलवारबाजी सहित कई हैरतअंगेज करतबों से लोगों का दांतो तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। चल-समारोह में सुरक्षा के लिहाज से टीआई मंजू मखेनिया और कोतवाली थाने का बल साथ चल रहा था।

### भगवान राम की झांकी भी रही आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में भगवान राम, सीता, जानकी, हनुमान का रूप धरे बच्चों की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही भगवान की एक अलग झांकी भी साथ चल-रही थी। अनेकों महिलाएं, बालिकाएं भी शोभायात्रा में उत्साह के साथ सम्मिलित हुई एवं भगवान के भजनों पर नृत्य किया।

### समूचे प्रतिष्ठान रहे बंद

आयोजन के लिए समाजजनों की एकजुटता भी नजर आई। समाज के सभी प्रतिष्ठान संचालकों ने सुबह से अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखी ताकि आधिकाधिक जन शोभायात्रा में शामिल हो सके। धर्मशाला में कई सामाजिक आयोजन संपन्न हुए जहां आगामी आयोजनों की रूपरेखा बनाते हुए वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। आयोजन में समाज पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सामाजिक उत्थान और समाज को और कैसे आगे ले जाया जा सकता है, बालिका शिक्षा, कुरीतियों के उन्मूलन सहित अन्य विषयों पर अपने-अपने उद्गार व्यक्त किए। संपूर्ण आयोजन पूरे अनुशासन, सु-व्यवस्थाओं के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभीजनों को प्रसाद स्वरूप भोजन करवाया गया।

### लापरवाह ठेकेदारों के निरस्त होंगे टेंडर

# नगर पालिका राजगढ़ में 127 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से हुआ पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर पालिका की साधारण सभा का विशेष सम्मेलन शनिवार को नपा के सभागार में संपन्न हुआ। विधायक अमरसिंह यादव की मौजूदगी में हुए सम्मेलन में 127 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। यह बजट 73 लाख के लाभ का बजट बताया जा रहा है।

सम्मेलन में नगर पालिका परिषद के सभी पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि, नगर पालिका की विभिन्न शाखों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। उक्त विशेष सम्मेलन में बजट के साथ ही विकास कार्यों से जुड़े कई अहम निर्णय भी लिए गए हैं। प्रमुख निर्णय यह रहा कि नगर के सभी वार्डों में प्रस्तावित जिन विकास कार्यों के टेंडर लेकर संबंधित ठेकेदार या एजेंसियां काम शुरू नहीं कर रही है यदि उन्होंने 15 दिन मे कार्य शुरू नहीं किया तो टेंडर निरस्त कर दिए जाएंगे। बैठक में विधायक ने जल शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि मुझे अक्सर शिकायत मिल रही हैं की कहीं-कहीं नियमित जल सप्लाई नहीं हो पा रही है इसके साथ ही कुछ वार्डो मैं सफाईकर्मी भी अपने कार्य निर्माण में लापरवाही बरत रहे हैं। विधायक ने अल्टीमेटम दिया की अब मुझे कहीं से कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

### इंस्पेक्टर से छीने सभी बड़े दायित्व

समेलन में शिकायत मिली की नगर पालिका का इंस्पेक्टर कार्यों में लापरवाही बरत रहा है। वहीं आमजनों के प्रति भी व्यवहार ठीक नहीं है। इस पर संबंधित इंस्पेक्टर से दायित्व वापस लेने के निर्देश दिए गए।

## मंदिर प्रांगण की समस्याओं को लेकर समिति ने मंत्री से की मुलाकात



**सारंगपुर।** सुदर्शन नगर माता मंदिर समिति के सदस्यों ने शनिवार को राज्य मंत्री गौतम टेटवाल से मुलाकात कर मंदिर प्रांगण में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान समिति द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु एक आवेदन दिया गया। समिति ने मांग रखी कि मंदिर परिसर में बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, साथ ही बारिश के पानी की उचित निकासी के लिए नाली बनाई जाए। इसके अलावा प्रांगण में बने गड्ढों की भराई कर पेवर्स लगाने, मंदिर परिसर स्थित कूप (कुएं) की सफाई एवं रिचार्जिंग कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से कूप के ऊपर ढक्कन लगवाने की भी मांग की गई। इस दौरान मंत्री गौतम टेटवाल ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ एक माह के भीतर पूर्ण कराया जाएगा।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर फूलमाली समाज ने नगर में निकाला भव्य चल समारोह

### 6 अखाड़े के साथ विमान और श्रीराम की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



**सारंगपुर।** फूलमाली समाज द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर शनिवार को नगर में चल समारोह निकाला गया। इसके पूर्व शाम को नगर के माली समाज के सभी राम मंदिरों में कथा का आयोजन किया गया और शनिवार को प्रत्येक मोहल्ले से आंखाड़ों के साथ चल समारोह निकाला गया। जिसमें अखाड़े में सर्वप्रथम महावीर बजरंग अखाड़ा मोहल्ला भेरुदरवाजा बादलीपुर हनुमान अखाड़ा बागकुआं टंकी पछेटवाडी अखाड़ा बालाजी अखाड़ा मोहल्ला मुकेरवाडी पवन पुत्र अखाड़ा मोहल्ला खारिया श्री बजरंग अखाड़ा मोहल्ला कीड़ी के अखाड़े के पहलवानों द्वारा हैरत अंग्रेज करतब दिखाए। जिनके कारनामों पर पहलवानों ने खूब दाद बटोरी।

### श्रीराम की आकर्षक झांकी और डोल रहे आकर्षण का केंद्र

चल समारोह में प्रमुख रूप से श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी की झांकी सहित आकर्षक डोल ताशे आदि आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति, शिव प्रेमी मित्र मंडल, ब्लॉक शहर कांग्रेस, भैया जी मित्र मंडल, ब्राह्मण समाज, जैन समाज, राठौर समाज, बजरंग दल, भाजपा मंडल, महादेव मित्र मंडल, साईं सेवा समिति, वाल्मीकि समाज, सोनी समाज सहित अनेक हिंदू संगठन समाजसेवियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं हिन्दू उत्सव समिति ने अखाड़ों के उस्तादों का स्वागत कर ढाल तलबार भेंट की तो कांग्रेस भाजपा मंडल ने समाज के उस्तादों पहलवानों और समाज के पदाधिकारी का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान फूलमाली समाज जिला पंचायत जिला अध्यक्ष सकल पंचायत अध्यक्ष शिवानारायण काका, धनसिंह पुष्पद,रवि पुष्पद, प्रेमनारायण पुष्पद, कैलाश भगत, केसी वर्मा,जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद,जिला उपाध्यक्ष गोपाल पुष्पद जिला प्रवक्ता लोकेश पुष्पद विनोद पुष्पद सहित अन्य का स्वागत किया। वहीं विशेष रूप से चल समारोह में मंत्री गौतम टेटवाल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष धूरव भल्ला, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

### पुलिस प्रशासन ने की चाक चौबंद व्यवस्था



एडिशनल एसपी केएल बंजारा के नेतृत्व में एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा के द्वारा मुस्तैदी से चाक चौबंद व्यवस्था की गई और शांतिपूर्वक चल समारोह निकाला गया।

### व्यवस्थाओं में सुधार के दिए आवश्यक निर्देश

# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली थाने का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न थानों की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ ही पुलिसिंग को ज्यादा प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए प्रयास चल रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार को राजगढ़ कोतवाली थाने का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी तोलानी ने थाना प्रभारी मंजू मखेनिया को परिसर के पीछे खड़े अनेकों वाहनों को वहां से हटाकर अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना परिसर व्यवस्था और आकर्षक होना चाहिए। इसके साथ ही अभिलेखों के शीघ्र डिजिटाईजेशन के निर्देश उन्होंने दिए। साथ ही क्षेत्र के गुडा, हिस्ट्रीशीटरों, व्यक्तियों के फोटो नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शन करने कहा।

### थाने में फरियादियों को न हो कोई असुविधा

पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि थाना परिसर में फरियादियों व अन्य के बैठने हेतु पर्याप्त बेंच आदि के साथ ही छाया एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही नियमित साफ-सफाई एवं सौंद्रर्यीकरण करवाने की बात भी उन्होंने कही। एसपी ने कहा कि थाने आने वाले फरियादियों को सहज एवं सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए। एसपी के इस निरीक्षण में डिजिटल रिकार्ड सिस्टम, स्वच्छमता, जनता के हित से जुड़ी सुविधाओं में बढ़ोतरी, त्वरित शिकायत निवारण के बिन्दु प्रमुखता से शामिल रहे।

## नौकुंडीय महायज्ञ का कन्या भोज के साथ हुआ समापन



**सारंगपुर।** गायत्री परिवार द्वारा नवरात्र पर्व पर आयोजित गायत्री मंत्र जाप एवं नौ कुंडीय महायज्ञ का शनिवार को पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु एवं उपासकों ने भाग लेकर धार्मिक लाभ प्राप्त किया। गायत्री शक्ति पीठ, गांधी चौक सारंगपुर में प्रतिदिन हवन-पूजन एवं मंत्र जाप का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर पूर्णाहुति के साथ कन्या भोज एवं भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। गायत्री परिवार के स्थानीय प्रमुख डॉ. के.के. मिश्रा ने बताया कि संस्था के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण एवं 'गर्भ संस्कार' जैसे सामाजिक-आध्यात्मिक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गायत्री परिवार का संदेश भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों तक पहुंच रहा है, जहां भारतीय संस्कृति एवं वसुधैव कुटुंबकम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा। इस दौरान प्रज्ञाचार्य प्रभा पालीवाल, रेखा दुबे सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बंटी राठौर, पुजारी राम पालीवाल, हीरालाल पालीवाल, श्याम जोशी, संजय सौलंकी, अनिल गुप्ता, प्रमोद जोशी, सुनील दीक्षित, ट्रस्टी दिलीप रावतिया, संजय शर्मा, श्याम राठी, पंडित ललित पालीवाल, महेश पाटीदार, मनोज सोनी, कैलाश चंद्र शर्मा, गोपाल वैद्य, गुंजन सोनी, मांगीलाल पाटीदार, सतीश राठौर, संदीप शर्मा, माखनसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नगर में 94 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में नगरीय प्रशासन की विशेष निधि से वार्ड 5 एवं 9 में 94 लाख 45 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कंक्रीट सड़क 1200 मीटर के लंबे मार्ग का भूमिपूजन शनिवार को विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि कुरावर को ग्राम पंचायत से नगर परिषद में परिवर्तित कर विकास की नई दिशा दी गई है। पहले जहां विकास कार्य नगण्य थे, वहीं अब नगर में लगातार निर्माण कार्य हो रहे हैं। साथ ही आगे भी कुरावर के समग्र विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।




विधायक ने बताया कि जल्द ही पार्वती नदी पर डैम निर्माण की योजना साकार होगी, जिससे सिंचाई से वंचित गांवों तक पानी पहुंचेगा और कुरावर नगर की पेयजल समस्या का भी समाधान होगा। साथ ही वर्तमान में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत घर-घर पानी नहीं पहुंच पाने पर चिंता जताई।उन्होंने सभी दलों के पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार का राजनीतिक मतभेद नहीं होना चाहिए और सभी को मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम को पार्षद प्रतिनिधि डॉ. रविंद्र मीणा एवं मोहन वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, रामसाय जामलिया, नंदकिशोर पटेल, घनश्याम गर्ग, लक्ष्मण सिंह राणा, कैलाश मंडलोई, राधेश्याम पचवारिया, गोविंद मालवीय, महेश भावसार, आत्माराम पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, कैलाश सागवालिया, जनपद सदस्य मनीष नगर, पार्षद मुनीम बद्रीलाल कुशवाह, अनिल दरबार, रमेश मालवीय, राजू मीणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# अखंड ज्योति एवं सेवा संस्थान ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खोले प्याऊ



**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था अखंड ज्योति शिक्षा एवं सेवा संस्थान सुठालिया की पहल जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की गई। संस्थान सचिव ओपी गोस्वामी सहित सभी सदस्यों ने मिलकर सेक्टर लखनवास अंतर्गत गंगाहोनी ,लोधीपुरा प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में जल मंदिर (प्याऊ) खोले गए। मिट्टी मटके, कैन और टंकी गिलास, मग्गे रखकर राहगीरों को ग्रीष्म ऋतु में पेय जल उपलब्ध कराना अभियान का मुख्य उद्देश है। जन के श्रम सहयोग से मंदिर परिसर में सफाई कार्य करते हुए जल मंदिर की संख्या बढ़ाने,रोपणी तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। कर्यक्रम में उपस्थित सरपंच रघुवीर लोधा लोधीपुरा, सीताराम, भरतसिंह लोधा, गौरव लववंशी, संतोष नामदेव सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नगर के 11 बालाजी मंदिर की गिरिराज भक्त मंडल करेगा दंडवत परिक्रमा



**जीरापुर।** नगर में पहली बार अनोखे तरीके से हनुमान जन्मोत्सव गिरीराज भक्त मंडल द्वारा मनाया जाएगा। भक्त मंडल के सभी सदस्यों द्वारा बालाजी की आराधना साधना भक्ति रस में रत होकर दंडवत परिक्रमा करके हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। यह परिक्रमा 26 मार्च से नगर के हटीले हनुमान मंदिर आवास कालोनी से शुरू हुई जो नगर के विभिन्न 11 हनुमान मंदिर पर होते हुए वापस हटीले हनुमान मंदिर पहुंचेगी। भक्तों ने बताया कि यह आयोजन बाबा नीम करौली जी महाराज के आशीर्वाद से किया जा रहा है।

### दंडवत परिक्रमा का यह रहेगा मार्ग

दंडवत परिक्रमा प्रातः 8बजे हटीले हनुमान मंदिर से शुरू होगी, जो श्रीराम मंदिर आवास कॉलोनी, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, पुलिस थाना परिसर, बालाजी मंदिर बुधवारिया बाजार, हनुमान मंदिर किशनगढ़, बाग वाले बालाजी परोलिया रोड, खांड़ी वाले बालाजी पिपल्दा रोड़, गोप चौहान जी महाराज स्थित बाग वाले बालाजी मंदिर, संकटमोचन हनुमान मंदिर बस स्टैंड, बाल हनुमान मंदिर पुरानी कोर्ट, चामुण्डा माता मंदिर बालाजी महाराज से होती हुई वापस हटीले हनुमान मंदिर पहुंचेगी। जहां पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा।

### हिन्दू उत्सव समिति कर रही समूची तैयारी

# हनुमान जन्मोत्सव की शोभा बढ़ाएगा पानीपत हरियाणा के प्रसिद्ध दिलेर खालसा अखाड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 2 अप्रैल को राजगढ़ मुख्यालय पर मनाया जाने वाले हनुमान जन्मोत्सव इस बार कुछ खास होने जा रहा है। रामभक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर प्रतिवर्षानुसार निकलने वाले चल-समारोह के लिए हिन्दू उत्सव समिति ने इस बार पानीपत हरियाणा के प्रसिद्ध दिलेर खालसा (निहंग अखाड़े) को आमंत्रित किया है। देश भर में प्रसिद्ध यह ग्रुप कई टीवी शो में अपनी प्रस्तुतियां दे चुका है वहीं अनेक रिकार्ड भी इसके नाम पर दर्ज हैं। करीब 18 सदस्यों वाले दिलेर खालसा ग्रुप की प्रस्तुतियों को देखने नगरवासियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

### चल-समारोह के साथ रहेगी हनुमानजी की प्रतिमा

हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष हर्षांत इंग्ले ने बताया कि चल-समारोह के लिए भगवान हनुमान की मिट्टी की एक आकर्षक प्रतिमा भी बनवाई जा रही है। परम्परानुसार मनकामनेश्वर मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना उपरान्त अखाड़े के साथ चल-समारोह आरंभ होगा जो मुख्य मार्गों से होता हुआ शाम तक पुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त होगा। इस बीच स्थान-स्थान पर अखाड़े के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### नगर में अन्य आयोजन भी होंगे

हनुमान जन्मोत्सव पर उक्त चल-समारोह के साथ ही नगर में अन्य आयोजन भी होंगे। मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ के साथ ही भंडारों, प्रसादी का आयोजन करवाए जाने वाले हैं।

# राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में ओलंपस हाई के वेदांश प्रथम, 5000 का पुरस्कार मिला



**विदिशा।** सांची यूनिवर्सिटी ऑफ बुद्धिस्ट इंडिक स्टडीज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई स्कूल के कक्षा 10 के छात्र वेदांश विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन सांची में किया गया, जिसमें सांची, विदिशा, रायसेन, भोपाल, सीहोर और सलामतपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की थीम 'आध्यात्मिक स्पर्श—प्राचीन अतीत की महिमा और वर्तमान भारतवर्ष; उसकी उपलब्धियाँ और चुनौतियाँ' रही। 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग में वेदांश ने उत्कृष्ट चित्रांकन के आधार पर प्रथम स्थान हासिल कर 5000 की नकद राशि प्राप्त की। वहीं विद्यालय के छात्र ज्ञानेश गोस्वामी ने चतुथ स्थान प्राप्त कर 500 का सांत्वना पुरस्कार जीता। इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### संपन्न हुआ गुरु महाराज जन्मोत्सव कार्यक्रम

**देवास।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कालानी बाग स्थित गुरु मंदिर प्रसाद भवन में नौ दिवसीय श्री गुरु महाराज जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्रमानुसार प्रतिदिन भक्ति, कीर्तन और प्रभु स्मरण के आयोजन नियत थे। अंतिम दिवस मंडी व्यापारी धर्मशाला में महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें देवास सहित दूर-दूर से गुरुभक्त आए और प्रसादी ग्रहण की। श्री गुरु महाराज जन्मोत्सव कार्यक्रम 19 मार्च से प्रारंभ हुआ और 27 मार्च तक चला। पहले दिन आरती, नाम स्मरण और सप्तक भजन मंडल का आयोजन हुआ। दूसरे दिन राम रक्षा स्तोत्र पाठ, सुंदरकांड, तीसरे दिन श्री हनुमान चालीसा, नाम स्मरण तथा अभय माणके एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत भजन-गीत रामायण का प्रस्तुतिकरण हुआ। चौथे दिन नियमित श्री नाम स्मरण व आरती के अलावा अथर्वशीर्ष सहस्त्रावर्तन तथा पांचवें दिन लघु रुद्र अभिषेक, छठे दिन श्री मारुति स्तोत्र पाठ व संस्कृति प्रश्नमंच, सातवें दिन अखंड श्री नाम स्मरण तथा आठवें दिन श्री गुरु महाराज जन्मोत्सव मनाया गया। नौवें दिन श्री सत्यनारायण पूजन तथा एबी रोड स्थित मंडी व्यापारी धर्मशाला में भोजन प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन के दौरान भक्तजनों ने श्री गुरु महाराज नाम स्मरण कॉपी जमा कराई। साधन वितरित किए गए।

### 40 फीट गहरे कुएं में गिरे मजदूर, तीन घायल

**देवास।** जिले के ग्राम शिप्रा में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। कुएं में काम करते समय पालकी का बेल्ट टूटने से तीन मजदूर करीब 40 फीट गहरे कुएं में गिर गए। हादसे में तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मजदूर कुएं से बांस निकालने के लिए पालकी से नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान पालकी का बेल्ट टूट गया और उसमें बैठे तीनों मजदूर कुएं में जा गिरे। घायल मजदूरों की पहचान रामचरण, पप्पू और संजू के रूप में हुई है, जो राजगढ़ जिले के निवासी हैं। हादसे के बाद कड़ी मशक्कत से तीनों को कुएं से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### 466 किलो अवैध धावड़ा गोंद किया जब्त

**कांटाफोड़।** वन परिक्षेत्र के वन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे धावड़ा गोंद को जब्त किया। कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक उज्जैन एवं वन मंडल अधिकारी देवास के निर्देशन तथा उपवन मंडल अधिकारी कन्नौद के मार्गदर्शन में की गई। 25 मार्च को परिक्षेत्र अधिकारी विधि सिरोलिया के आदेश अनुसार गश्ती के दौरान मुखबिर की सूचना पर टीम ने कांटाफोड़ से चंद्रकेशर बांध मार्ग पर स्थित नवोदय विद्यालय के पुराने गेट के पास एक संदिग्ध बोलेरो पिकअप वाहन को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में 466 किलोग्राम अवैध धावड़ा गोंद पाया गया।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार कार्यक्रम में हुए शामिल

# मन की बात कार्यक्रम देश के नागरिकों के साथ सीधे संवाद का माध्यमः विधायक

**कृषि उपज मंडी में क्षेत्र के किसानों, भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओ, मंडी व्यापारियों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।**




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चे द्वारा प्रदेश में 23 से 29 मार्च तक किसान सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। किसान मोर्चे के किसान सेवा सप्ताह का समापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम भाजपा किसान मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी में क्षेत्र के किसानों, भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओ, मंडी व्यापारियों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम महज एक कार्यक्रम ही नही है, ये मन की बात देश के नागरिको से सीधे जुड़ने ओर उनसे जुड़ कर उनसे संवाद का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम से हमे देश के कोने कोने से,दुरस्त अंचलों, गांव में किस तरह के नवाचार, कार्य हो रहे है, कौन लोग किस स्तिथि ओर परिस्तिथि में वे रचनात्मक कार्य कर रहे है हमे उनकी जानकारी मन की बात से मिलती है,जो प्रेरणादायी होती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार ने कहा कि मप्र सरकार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। समृद्ध किसान और सशक्त प्रदेश इस कृषि वर्ष की थीम है। सभी किसान मोर्चे के कार्यकर्ता खेत खेत पहुचे,किसानों से संपर्क करे और केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों की खुशहाली, समृध्दि,के लिये क्या क्या कर रही है उसकी जानकारी देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। आज विरोधी सोशल मीडिया पर किसानों को लेकर जो झूठ फैला रहे है उसका मुह तोड़ जवाब दे क्योकि एक मात्र भाजपा की ही सरकार है जिसने किसानों के लिये कार्य किया है। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

किसान मोर्चे के उक्त कार्यक्रम मे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, किसान मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार के साथ किसान मोर्चे के जिला अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष धरमसिंह आर्य, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती,पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, जिला भाजपा महामंत्री तारा कटारिया, जिला भाजपा उपाध्यक्ष रूपेश राठौर,नगर महामंत्री धनरुपम जैन, किसान मोर्चे के नगर अध्यक्ष लखन ठाकुर, पार्षद तेजसिंह राठौर, विजेंद्रसिंह ठाकुर, लोकेंद्रसिंह ठाकुर, राजीव पंवार, भगवत मेवाड़ा, नीलेश खंडेलवाल, जुगल मालवीय, राजेश ठाकुर आदि उपस्तिथ थे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

महान समाजसेवी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती उत्सव के अवसर पर रविवार को ज्योतिबा फुले आयोजन समिति की बैठक दिनेश पुष्पद के निवास पर आयोजित हुई।

बैठक में आगामी 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती उत्सव की तैयारी को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, आमंत्रित अतिथियों की संख्या, आवश्यक व्यवस्थाएं एवं आयोजन की तैयारियां सहित सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्मोत्सव बड़े उत्साह, उमंग एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, जिसकी संपूर्ण तैयारियाँ सुनिश्चित कर ली गई हैं। बैठक में प्रमुख रूप से दिनेश पुष्पद, संदीप कुमार वर्मा, विष्णु प्रसाद कुशवाहा,जनम सिंह परमार, पवन पुष्पद, राजू राठौड़, डॉ. रामरतन जी, हीरालाल जायसवाल,कमल सिंह, कवि रामचंद्र माली एवं अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर नगर में निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर शौर्य समिति आष्टा द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से चल समारोह निकला गया। जिसमें हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

इस शौर्य में समाज को सभी वरिष्ठ गणमान्य उपस्थित रहे। इस शौर्य यात्रा का सभी सामाजिक संगठन एवं। सकल समाज, हिन्दू उत्सव समिति एवं विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों ने मंच के माध्यम से समिति अध्यक्ष का साफा बांध कर एवं शौर्य यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शौर्य यात्रा का समापन स्थानीय छात्रावास में हुआ तात्पश्चात भगवान श्रीराम की आरती के गई और सामाजिक प्रतिभाओं का शील्ड एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटेल रामपुरा द्वारा संबोधन के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय का स्वागत किया समिति की प्रस्तावना मानसिंह पटेल इलाही ने एवं पूर्व अध्यक्ष गजराज सिंह ठाकुर ने आय व्यय का ब्यौरा दिया गया। समिति के कार्य योजना के भाषण में पूर्व अध्यक्ष धीरज सिंह ठाकुर ने एवं कार्यक्रम का सफल संचालन जीवन सिंह ठाकुर ने संचालन किया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह श्यामपुरा, राहुल सिंह, शोभा खेड़ी, बलवीर सिंह, दौलत सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह ठाकुर, डोंगर सिंह ठाकुर, हरिओम सिंह ठाकुर, योगेंद्र सिंह भाटी, हरपाल ठाकुर, राजेंद्र सिंह अरनिया राम, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह कुरवार, जितेंद्र सिंह शोभा खेड़ी, तेज सिंह ठाकुर, तेज सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह, लखन सिंह, जितेंद्र सिंह मुगली, हरेंद्र, आके सिंह पटेल व सभी युवा वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# श्वेताम्बर जैन समाज 31 को मनाएगा प्रभु महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा जैन धर्म के चौबीसवे तीर्थंकर प्रभु महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक उनके जन्म उत्सव के रूप में 31 मार्च को उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुये समाज के अध्यक्ष पवन सुराणा नें बताया कि इस अवसर पर मालव गिरनार तीर्थ किला मंदिर जी पर विराजित प.पू. आचार्य हर्षतिलक सूरीश्वरजी महाराज आदि ठाणा 3 तथा नगर गौरव प.पू. साध्वीवर्या सूर्यज्योति श्रीजी म.सा. का सुहाना सानिध्य समाजजनो को प्राप्त होगा। जो उत्सव की गरिमा में अभिवृद्धि करेगा। इस अवसर पर जन्म कल्याणक की पूर्व संध्या पर श्री गंज मंदिर उपाश्रय में रात्रि 8 बजे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन श्री महावीर महिला मण्डल गंज, शाश्वत बहू मण्डल एवं नवरत्न बालिका मण्डल द्वारा किया जायेगा तथा जन्म कल्याणक वाले दिवस पर प्रातः 8.15 बजे जिनशासन गौरव प.पू. आचार्य श्री गुरूदेव उमेश मुनि जी म.सा. के दीक्षा दिवस पर महावीर भवन स्थानक में जाप, अणुचालीसा एवं गुणानुवाद सभा का आयोजन होगा तत्पश्चात प्रभु महावीर की पालकी के साथ शोभायात्रा ठीक प्रातः 9 बजे श्री महावीर स्वामी जैन श्वेताम्बर मंदिर गंज से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री मालव गिरनार तीर्थ किला मंदिर जी पर समाप्त होगी।

जहां पर शोभायात्रा की समाप्ति के पश्चात गुरूदेव के मंगल प्रवचन एवं नवनिर्मित भोजनशाला का उद्घाटन होगा। इसी दिन रात्रि 8 बजे से एक शाम महावीर के नाम भक्ति संध्या एवं महाआरती का आयोजन गंज मंदिर पर होगा। श्री महावीर स्वामी जैन श्वेताम्बर गंज मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नगीन वोहरा एडवोकेट नें सभी समाजजनो से अपील की है कि सभी समाजजन इस अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में पधारकर जिनशासन की शोभा बढ़ाएं।

# सामाजिक संस्था कन्यादान फाउंडेशन ने विजेता को प्रदान की स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सामाजिक संस्था कन्यादान फाउंडेशन द्वारा विजेता पायल अग्रवाल को ईनाम स्वरूप स्कूटी प्रदान की गई। इस दौरान स्कूटी हैंड ओवर प्रोग्राम मे संस्था के संस्थापक ऋषि सरदाना, काजल,बिजनेस हेड दीपा श्रीवास्तव, ट्रेनर प्रियंका अग्रवाल, ट्रेनर दीपिका राठौर, सोशल अवेयरनेस प्रिया,वैशाली, सत्या दुलारी, रीता, रेखा आदि अलग-अलग स्थानों कार्यक्रम में पहुंची। विनर पायल को स्कूटी प्रदान कर मौजूद सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाये दी। वही कन्यादान फाउंडेशन की बिज़नस हेड दीपा श्रीवास्तव ने बताया कि आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाओं के कन्यादान फाउंडेशन उनके अपने पैरों पर खड़े होने के लिए मदद करता है जिससे महिलाओं की तरक्की के रास्ते खुलते हैं। इसी तरह पायल अग्रवाल ने कन्यादान फाउंडेशन के तहत सपने को साकार कर स्कूटी का इनाम जीता।

# 31 मार्च को महावीर जयंती की छुट्टी घोषित करने के लिए श्वेताम्बर जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



29 मार्च को जिला कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी हुआ जिसमें महावीर जयंति का केन्द्रीय सरकार का अवकाश जो 31 मार्च को तय था उसे रद्द करते हुए 30 मार्च को घोषित कर दिया गया। नगर के जैन श्वेताम्बर धर्मावलंबियों द्वारा 31 मार्च को ही प्रभु महावीर के जन्म उत्सव का आयोजन किया गया है, जिसपर विभिन्न धार्मिक आयोजन एवं शोभायात्रा जैन आचार्य एवं संतों की पावन निश्रा में सम्पन्न होगी। इसकी सूचना एक सप्ताह पूर्व ही समाजजनों को दी जा चुकी है। जिला कलेक्टर के इस आदेश से जैन श्वेताम्बर समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और आयोजन की रूपरेखा अवकाश के अभाव में बाधित हो गई। इसे संज्ञान में लेते हुए समाज अध्यक्ष पवन सुराणा वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती प्रवक्ता अतुल सुराणा नें अनुविभागीय अधिकारी से बात करते तहसील कार्यालय जाकर मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और यह मांग की कि 30 मार्च की छुट्टी जो कलेक्टर द्वारा घोषित की गई है उसे भले ही यथावत रखा जाये लेकिन तुरंत निर्णय लेते हुए 31 मार्च का भी अवकाश घोषित किया जाये ताकि जैन श्वेताम्बर समाज के हितो की भी रक्षा हो सके।

## लौहपुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में व्यापक

# एकता, अनुशासन और स्वास्थ्य जागरुकता का





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत की एकता एवं अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में निरंतर दो वर्षों तक जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं ।

उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा शनिवार को प्रदेश के प्रत्येक थाना स्तर तक प्रातःकालीन साइक्लोथॉन आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जिले में एसपी पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में शहर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक स्तर पर साइक्लोथॉन का सफल आयोजन किया गया।

शहर में आयोजित साइक्लोथॉन में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी गेहलोद, एएसपी जयवीर भदौरिया, सीएसपी सुमित अग्रवाल सहित सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही। साइक्लोथॉन रैली सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर एमजी चौराहा, रामनगर चौराहा, केलादेवी चौराहा, विकास नगर चौराहा, मधु मिलन चौराहा, टाटा चौराहा तक पहुंची एवं पुनः निर्धारित मार्ग से होते हुए इंदिरा गांधी चौराहा से यू-टर्न लेकर सिद्धिविनायक परिसर में समापन हुआ। इसी प्रकार जिले के समस्त देहात क्षेत्रों में भी SDOP एवं थाना/चौकी प्रभारीगण द्वारा स्थानीय नागरिकों, युवा खिलाड़ियों, नगर रक्षा समिति, ग्राम रक्षा समिति, एनसीसी, एनएसएस, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों एवं पुलिस स्टाफ की सहभागिता से साइक्लोथॉन आयोजित कर जनजागरूकता का संदेश दिया।

# सीवन पुत्रों ने लिया महासंकल्प जीवनपर्यंत करेंगे जीवनदायिनी मां सीवन की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रविवार को 'मैं पुत्र सीवन का अभियान' के तहत सिद्धपुर सीहोर का धार्मिक क्षेत्र हनुमान पाठक धाम कस्बा सीहोर के सीवन तट पर सीवन पुत्रों को 1008 श्री श्री संत हरी दास महाराज मठ मंदिर सीहोर द्वारा शपथ दिलवाई गई कि हम जीवन पर्यन्त जन्म देने वाली मां के समान ही मां सीवन की सेवा करेंगे। इसे स्वच्छ रखेंगे, इसके गहरीकरण, सौंदर्य करण व स्वच्छता के लिए अपना तन मन धन अर्पित करेंगे, उन्होंने संकल्प दिलवाया की इसकी स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित करूंगा, साथ ही माँ के प्रति कर्तव्य का निर्वाह करूंगा, मैं संकल्पित हूं इसके पूर्ण उद्धार हेतु अपना योगदान दुंगा। इसी के साथ कथावाचक पंडित रवि शंकर तिवारी ने भी सीवन के प्रति कर्तव्यों के बारे में अवगत करवाया।

ज्ञातव्य है कि सीवन के प्रति संघर्षरत प्रदीप चावड़ा ने प्रण लिया है। पांच हजार सीवन पुत्र बनाने का जो सीवन उद्धार में, साफ़ - स्वच्छता में, सीवन की सुंदरता बनाए रखने में अपना योगदान देंगे एवं गहरीकरण हेतु जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद से आग्रह करेंगे और गहरीकरण के काम में सीवन पुत्र अपनी सहभागिता को निभाएंगे। आज इस शपथ ग्रहण में 1008 संत श्री हरि रामदास जी महाराज, कथा वाचक पंडित रवि शंकर तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार विनय भटेले, वरिष्ठ एडवोकेट बृजेश पाराशर, डॉक्टर विजेंद्र जायसवाल, फुटबॉल कोच मनोज कनौजिया, वरिष्ठ नागरिक कैलाश चावड़ा, आकाश माथुर, शिक्षक दिनेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ नागरिक रमाकांत शर्मा, मुकेश राय, सुभाष मालवीय, रिटायर्ड अधिकारी विजय जोशी, महिपाल जैन, प्रकाश सोनी, हिमालय गोहिया, पत्रकार कैलाश चव्हाण, प्रकाश यादव लक्ष्मण सिंह चौकसे, पहवान राजेश गहलोत, पत्रकार सुरेंद्र राय, प्रकाश मालवीय, राजू नामदेव, खेल शिक्षक माधव सिंह यादव, निम्मा कौशल, विशाल कौशल, पत्रकार सुनील विश्वकर्मा,विनीत गोयल उमेश चावड़ा, मुकेश राय, शिव बारात के संस्थापक लोकेश सोनी, कमल यादव, किशन सोनी,शुभ सोनी, भगवान दास वशिष्ठ, राहुल सिसोदिया, चीना, रवि भावसार,अथर्व चावड़ा आदि उपस्थित थे। सभी ने मां सिवान के लिए शपथ ग्रहण की।